हुनर दिखा भावी इंजीनियरों ने मचाया धमाल

नुक्कड़–नाटक के साथ ही रैंप पर कैटवॉक व ड्रम वादन की प्रस्तुति कर किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

काशी यात्रा में सिंगर डिवाइन के गीतों पर झूमते विद्यार्थी

काशी यात्रा कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते प्रतिभागी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू के छात्रों के सांस्कृतिक महोत्सव 'काशीयात्रा-2019' में शुक्रवार को भी भावी इंजीनियरों ने खूब धमाल मचाया। परिसर स्थित आठ स्थानों पर एक साथ कई कार्यक्रम संचालित हो रहे थे। कहीं नुक्कड़-नाटक तो कही, युवातियां कैटवॉक कर माहौल को दमदार बना रही थी। वहीं छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता भवन में ड्रम बजाकर अपनी छाप छोड़ी। वहीं शाम को रैंप सिंगर डिवाइन ने अपनी गायकी से माहौल में जोश भर दिया था।

हुल्लड़ कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत सुबह आठ बजे से हुई। इसके तहत राजपूताना ग्राउंड में नुक्कड़-नाटक का आयोजन हुआ। नुक्कड़-नाटक में आइआइटी, बीएचयू के साथ आइटी कॉलेज लखनऊ, अक्रॉपलिस इंदौर, लखनऊ विश्वविध्यालय आदि के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति दी। इसमें मेजबान टीम ने प्रथम स्थान पाया है। वहीं एनआइटी एम ने दूसरे तथा अक्रोपोलिस ने तीसरे स्थान पर कब्जा किया।

रागसमर में टीम अर्चीता प्रथम : स्वतंत्रता भवन में रागसमर के जादू ने सबको रिझाया। इसमें प्रतिभागियों ने संगीत के उपकरण के उपयोग से सबको लुभाया। 18 टीम में 82 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करते हुए सबको रोमांचित किया। रागसमर में टीम अर्चीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं शंकरा व मेलोमईड टीम को दूसरे व तीसरे स्थान प्राप्त हुए। इसके जज आशिकुर रहमान व त्रिदीप बासूमतरी रहे।

काशीयात्रा- 2019

- रैप सिंगर डिवाइन ने छात्र- छात्राओं में अपनी गायकी से भरा जोश
- नुक्कड़-नाटक में आइआइटी, बीएचयू ने मारी बाजी

वाद-विवाद प्रतियोगिता में भी दिखाई प्रतिभा : वाद-विवाद, स्क्रिप्चरिस्क, साहित्य कला वाली प्रतियोगिताओं में भी छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। 20 कॉलेज के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिंदी वाद-विवाद में हिस्सा लिया। अन्य प्रतियोगिता में 23 कॉलेज के 46 प्रतिभागियों ने अपना कौशल दिखाया। स्क्रिप्चरिस्क में भी 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

मिराज में युवतियों ने बिखेरा जलवा : मिराज प्रतियोगिता में मिस्टर काशीयत्रा तथा मिस काशियात्रा के तहत युवतियों एवं युवाओं ने अपना जलवा बिखेरा। गुरुवार को हुए कार्यक्रम में प्रेलिमस में बाजी मारने वालों को शुक्रवार को आयोजित फाइनल मुकाबले में हिस्सा लेने का मौका मिला। डिजाइन एलीगेंट के फाइनल में 11 टीमों ने अपनी धाक जमाई।

स्ट्रीट डांस में दर्शकों ने भी लगाए ठुमके: राजपूताना ग्राउंड में दोपहर से शुरू हुए स्ट्रीट डांस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने ठुमके लगाए। उन्होंने न सिर्फ एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी बल्कि दर्शकों को भी अपने साथ खूब नचाया। गोविंद के कॉरीआग्रफर नीरज व साहिल ने निर्णायक का पद संभाला था।

डिवाइन को देखते हुए मैदान में नाचने लगे युवा : एडीवी ग्राउंड पर रैप सिंगर डिवाइन के आते ही युवाओं ने नाचने शुरू कर दिए। इस नए साल में डिवाइन ने आइआइटी, बीएचयू में स्टेज संभाला तो पूरा मैदान जोश से भर गया। छात्राओं ने स्वागत एवं परिचय कराया। वर्ष 2011 में एक अंडरग्राउंड और कम-विख्यात रैपर होने से लेकर, आज भारत में हिप-हॉप में सबसे प्रमुख नामों में से एक होने तक डिवाइन की कहानी किसी प्रेरणा से कम नहीं है। उनका ट्रैक 'फरक' 2017 में रिलीज हुआ और इसने आइट्यून्स इंडिया पर इंडीपॉप चार्ट्स में टॉप पर जगह बनाई। डिवाइन ने अब अपना खुद का म्यूजिक फेस्टिवल गली फेस्ट लांच किया है। वह अब जोया अख्तर की फिल्म गली ब्वॉय में रणवीर सिंह की भूमिका के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं।